ए. के. शर्मा
मंत्री
नगर विकास, शहरी समग्र विकास,
नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन,
ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग

कार्यालय
मुख्य भवन कक्ष सं.-93/94
उ. प्र. सचिवालय,
लखनऊ-01

दिनांक :02/06/2026

पत्रांक – अर्द्ध शा./146/न.न.ऊ.ऊ./2026

अध्यक्ष,
यूपीपीसीएल, लखनऊ।

**विषय: शासन की मंशा के विपरीत वाली कार्यशैली बंद करने हेतु।**

1. मेरे पूर्व प्रेषित 07 पत्रों दिनांक 13 जून, 18 एवं 31 जुलाई, दिनांक 04 एवं 19 अगस्त तथा 14 एवं 15 अक्टूबर 2025 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करें, जो विद्युत तंत्र में अनुभवी एवं कुशल कर्मचारियों को निकालकर जाति/धर्म आधारित अथवा भ्रष्टाचार के तहत अन्य कर्मियों की नियुक्ति पर कार्यवाही के सम्बन्ध में था। साथ ही यह भी संज्ञान में लाया गया था कि लम्बी अवधि से कार्यरत कुशल लोगों को हटा कर मनमाने ढंग से मनचाहे एवं अकुशल लोगों की भर्ती की जा रही है। मेरे बार–बार पत्र लिखने एवं मना करने के बाद भी कुशल कर्मचारियों की छटनी बन्द नहीं हुई, जिसके परिणाम आज भुगतने पड़ रहे हैं। इस सम्बन्ध में हाल में प्राप्त श्री अंकुर सैनी, मण्डल उपाध्यक्ष सहारनपुर के पत्र दिनांक 01 मई, 2026 द्वारा भी संज्ञान में लाया गया है कि सहारनपुर जनपद के बेहट डिविजन में 15 वर्ष से कार्य कर रहे लाईनमैन सुन्दर सैनी को हटाकर नए लाईनमैन को रख लिया गया है, इसकी जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाय। मेरे पूर्व के पत्रों सहित इस पत्र की मूल भावना यह है कि अनावश्यक और एक अभियान के तहत हजारों कुशल कर्मियों को निकाल देना किसी व्यवस्था के लिए तकनीकी प्रशासनिक या राजनैतिक रूप से समस्या का कारण बनेगा और शायद बन चुका है।
2. गर्मी के चुनौतीपूर्ण समय में बहुतायत विद्युत कर्मियों ने निष्ठापूर्वक कार्य किया है लेकिन कुछ कर्मियों ने जानबूझकर अथवा लापरवाह होकर कार्य करते हुए सरकार को बदनाम किया है। ऐसे कर्मियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाय एवं वर्तमान ट्रांसफर सीजन में इनका यथायोग्य ट्रान्सफर किया जाय। इस विषय में विस्तृत जानकारी मुझे दी जाय।
3. मई के महीने में आंधी तूफान के कारण विद्युत अवसंरचना बुरी तरह प्रभावित हुयी है। खासकर 28 एवं 29 मई 2026 को विशेष नुकसान हुआ था। उपभोक्ताओं को तकलीफ न पड़े और रिपेयरिंग एवं रेस्टोरेशन का कार्य युद्ध स्तर पर हो इसके लिए शनिवार 30 मई को समीक्षा बैठक आयोजित करने हेतु आपसे सम्पर्क करने पर पता चला कि ऐसे चुनौतीपूर्ण

दूरभाष (का.)-+91-0522-2238070/+91-0522-2213290, (आ.)-+91-0522-2972671/+91-0522-4322848, ई-मेल-minister.ude@up.gov.in
aksharmaBharat.in, urbandevelopment.up.nic.in, upenergy.in
@aksharmaBharatpage @aksharmaBharat

परिस्थिति में भी आप हेडक्वार्टर से बाहर हैं। संभवतः 29 से 30 एवं 31 तारीख तक बाहर ही रहेंगे इसलिए यह बैठक हमारे आग्रह पर 30 मई को आनलाईन आयोजित हुयी। किसी भी उच्च अधिकारी का यह व्यवहार जनहित के विपरित एवं गैर जिम्मेदाराना है। भविष्य में हेडक्वार्टर छोड़ने से पूर्व मुझे अवगत कराया जाय।

4. UPPCL ने 29 मई, 2026 को Fuel and Power Purchase Adjustment Surcharge (FPPAS) 10% सरचार्ज की धनराशि उपभोक्ताओं से माह जून–2026 में लिए जाने के सम्बन्ध में एक निर्देश जारी किया है। समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया पर इसको लेकर सरकार के विरूद्ध नकारात्मक समाचार की बाढ़ आ गई। मुझे भी मीडिया से ही इस बारे में जानकारी मिली। ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर जिसका व्यापाक असर हो विभाग के मंत्री की सहमति क्यों नहीं ली गई। कम से कम ऐसे निर्णय की पूर्व जानकारी देना क्या उचित नहीं था?

भविष्य में ऐसी बातों का पुनरावर्तन न हो इसका ध्यान रखा जाय। इन निर्देशों को शासन का निर्देश समझते हुए अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(ए. के. शर्मा)